**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 अगस्त 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्रे मोदी ने ग्लोहबल साउथ देशों से एक-दूसरे की ताकत बनने के लिए एकजुट होने का आहवान किया। उन्होंने व्यापार और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

- कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कार्म और हत्या के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल से देशभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।

- हरियाणा के विधान सभा चुनाव घोषणा के बाद जान नायक जनता पार्टी के चार विधायकों ने इस्तीफा दिया ।

- हरियाणा में चुनाव घोषणा के बाद अचार सहित लागु, सभी राजनैतिक पार्टियां अपने प्रचार में हुई तेज़।

***********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वुर्चअल माध्यम से तीसरे वॉयस आॅफ ग्लोबल शिखर सम्मेलन के सत्र को संबोधित किया। अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका के विकासशील देशों को ग्लोबल साउथ कहा जाता है। सम्मेलन में इन देशों के राष्ट्र अध्यक्ष और शासना अध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मौजूदा विश्व के सामने खड़ी चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि बीते सदी की संस्थाएं और संगठन वर्तमान विश्व की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में ग्लोबल साउथ के देशों को एकजुट होने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल साउथ में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में तेजी लाने के लिए सामाजिक प्रभाव निधि की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि भारत इसमें 25 मिलीयन डॉलर का शुरूवाती योगदान करेगा। उन्होंने शुभारंभ समारोह के समापन वक्तव्य में मिलजुल कर आगे बढ़ने पर बल दिया। साथ ही ग्लोबल साउथ को विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग देने की भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

***********************************************************************

पंश्चिम बंगला में महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार एवं हत्या के बाद जींद में चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया। चित्सिकों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। इसके अलावा चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों को चैबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करने की भी बात कही गई। एचसीएमएस प्रधान डॉ. बिजेंद्र ढांडा व डप्टी सिविल सर्जन डा. राजेश भोला ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं और व्यक्तिगत के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए एक सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाना चाहिए। ऐसे जघन्य कृत्यों के अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो। स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उधर फरीदाबाद स्थित ई.एस.आई.सी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ ए.के. पांडे ने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप व मर्डर को लेकर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज

इस घटना से पूरे देश स्तब्ध है। मेडिकल और इंटर्नशिप स्टूडेंट व पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले डॉक्टर हड़ताल पर बैठे हैं। सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं जारी हैं।

*****************************************************************************

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश में विधानसभा चुनावों की घोषणा हुई है, इसके लिए जनता में काफी उत्साह है और प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। कल जींद के जुलाना उपमंडल में जनसभा को संबोधित करने बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल के जवाब में कहा कांग्रेस पार्टी में मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी हाईकमान तय करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बीजेपी सरकार को आईना दिखाने का काम करेगी। टिकट वितरण के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन हो चुका है। अबकी बार अधिक से अधिक युवाओं एवं महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा।वहीं जजपा नेता दुष्यंत चैटाला जींद के एक गांव में बताया कि जजपा ने प्रदेश के सभी 90 विधानसभा हल्कों के अध्यक्ष नियुक्त कर दिए हैं। हरियाणा के उज्जवल भविष्य के लिए पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव में जो भूल-चूक हुई है पार्टी के कार्यकर्ता उसे छोड़कर पूरी मेहनत करेंगे। जल्दी ही पार्टी के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी जाएगी।दुष्यंत चैटाला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने 74 दिन कठपुतली की तरह काम किया। वहीं कांग्रेस की 'हरियाणा मांगे हिसाब' यात्रा पर उन्होंने कहा कि अब तो जनता हिसाब मांगेगी। जेजेपी के विधायक अनूप धानक के इस्तीफे पर दुष्यंत ने कहा कि उनके पास इस्तीफा आया है, जिस पर पार्टी की उच्च स्तरीय कमेटी विचार करेगी।

***************************************************

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है और अच्छा होता कि कांग्रेस नेता झूठ फैलाने की बजाए जनता को ये बताते कि अपने कार्यकाल में उन्होंने क्या-क्या काम किए हैं, लेकिन सच्चाई तो यह है कि काम उन्होंने किए ही नहीं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा ने बिना भेदभाव के विकास कार्य किए हैं। हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमारा मानना है कि तीसरी बार हरियाणा में बहुमत से भाजपा सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि बहुत से फैसले तो हमने लागू भी कर दिए हैं। अब प्रदेश में आचार संहिता लग चुकी है, इसलिए अब हम कोई फैसला नहीं ले सकते, लेकिन कैबिनेट में जो मुद्दे आए हैं, उन पर निर्णय लेने के लिए चुनाव आयोग के पास भेज रहे हैं।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि शनिवार को कैबिनेट की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और कैबिनेट ने उन्हें स्वीकार भी किया है। अब उन पर चुनाव आयोग निर्णय लेगा। नायब सैनी ने कहा कि हमने 1 लाख 20 हजार "एचकेआरएन" के कर्मचारियों की नौकरी को सुरक्षित किया, ऐसे ही अब उच्च्तर शिक्षा विभाग के एक्सटेंशन लेक्चरर, इंजीनियरिंग और पोलिटेक्निक कॉलेज की गेस्ट फैकल्टी को भी सुरक्षित किया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा रिपोर्ट पर फैसला लेने के लिए चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। चुनाव आयोग मंजूरी देगा तो हम इसे तुरंत लागू कर देंगे। सीएम ने कहा कि हम चुनाव की तारीखों का स्वागत करते हैं। एक अक्टूबर को मतदान होगा और 4 अक्टूबर को चुनाव के नतीजे आ जाएंगे। जनता से अपील है कि मतदान के महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

**************************************************************************

हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही जननायक जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के चार विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वाले विधायकों मंे हिसार जिले के उकलाना विधानसभा से अनूप धानक, फतेहाबाद के टोहाना से देवेंद्र सिंह बबली, कैथल के गुहला-चिका के ईश्वर सिंह और कुरूक्षेत्र के शाहबाद से रामशरण शामिल हैं।गौरतलब है कि जजपा पार्टी से पहले भी कई बड़े पदाधिकारियों ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। इन विधायकों के इस्तीफों नेएक अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में जजपा पार्टी के दस विधायक बने थें। तब जजपा ने भाजपा के साथ गठबंधन किया था। लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह गठबंधन टूट गया और जजपा के प्रत्याशियों की हरियाणा की लोकसभा सीटों पर बुरी तरह हार हुई।

*****************************************************************************

हरियाणा कांग्रेस की 'हरियाणा मांगे हिसाब' यात्रा कल कुरुक्षेत्र के पिहोवा पहुंची। दीपेंद्र हुड्डा की अगुवाई में पिहोवा के मुख्य बाजारों से निकाली गई इस यात्रा में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।दीपेन्द्र हुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कहा कि भाजपा के शासनकाल में हरियाणा अपराध, बेरोजगारी, महंगाई और व नशे के मामलों में नंबर वन हो गया है। हमारी सरकार में हरियाणा विकास के मामलों में नंबर वन रहा था। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अपने दस सालों के शासन काल के दौरान प्रदेश की जनता को पोर्टल में ही उलझाए रखा है। आज हरियाणा की जनता भाजपा से हिसाब मांग रही है और भाजपा को वह हिसाब देना होगा।

****************************************************************************

इस वर्ष आगामी पेरिस पैरालम्पिक खेलों में अब तक का सबसे बड़ा 84 खिलाड़ियों का भारतीय जत्था भाग लेगा। पैरालम्पिक खेल 28 अगस्त से आठ सितम्बर 2024 तक आयोजित होंगे। पहली बार सबसे ज्यादा 47 भारतीय एथलीट खेलों का हिस्सा बनेंगे। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने पेरिस पैरालम्पिक खेलों के लिए भारतीय जत्थे के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस जत्थे में 50 खिलाडी ऐसे हैं जिन्हें टारगेट ओलिम्पिक पोडियम स्कीम का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण और कोचिंग जैसी सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई गई है। डॉ. मांडविया ने कहा कि कई खिलाडी का चयन 'खेलों इंडिया' के तहत हुआ है।

******************************************************************************

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय हाॅकी टीम के खिलाड़ी संजय कुमार का कल हिसार पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। रोड शो करते हुए संजय का काफिला शहर की मुख्य सड़क से होते हुए उकने पैतृक गांव डाबड़ा में पहुंचा, जहां महिलाओं ने संजय की उपलब्धि पर नाच-गाकर खुशी का इजहार किया। स्वागत कार्यक्रम में पंहुचे लोगों को संजय के परिवार ने मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। संजय ने भव्य स्वागत के लिए सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि टीम के अच्छे प्रदर्शन के पिछे कोच व खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत है। इस बार ओलंपिक में हम पदक का रंग बदलना चाह रहे थे परन्तु उसमें सफल नहीं हो पाए लेकिन बार जरूर कामयाबी मिलेगी। संजय ने बताया कि जब भी प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई है उन्होंने हमेशा ही टीम को प्रोत्साहित किया है। उन्हें जैसी खुशी ओलंपिक में पदक जीतने पर

मिली थी वैसी खुशी आज अपने शहर और गांव में स्वागत होने पर हुई है। उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि हमेशा अपने खेल में अनुशासन का पालन करें व कड़ी मेहनत करें।चंडीगढ से पंहुचे हॉकी कोच गुरविंदर सिंह व डाबड़ा गांव के हॉकी कोच राजेंद्र सिहाग ने कहा कि देश के लिए गर्व की बात है कि हम हॉकी में एक बार फिर से विश्व में अपना स्थान बना चुके हैं। भारत ने लगातार दो ओलंपिक में कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय हॉकी टीम में संजय का खेलना चंडीगढ़ और डाबड़ा गांव के लिए बड़ी बात है। राजेन्द्र सिहाग ने कहा कि जिस लक्ष्य के साथ संजय को तराशने में मेहनत की उसमें कामयाब हो पाए हैं।

*******************************************************************************

पद्म पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन अगले महीने की 15 तारीख तक दिये जा सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल, awards.gov.in पर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए जबकि पद्म भूषण उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।